कुम्भ के दौरान कौंसुल ने लगातार जल आपूर्ति सुनिश्चित की

कानपुर। अग्रणी ऊर्जा संसाधनों (यूपीएस, सोलर पॉवर पैक, इनवर्टर और वोल्टेज स्टेबलाइजर) के निर्माता कौंसुल कंसोलिडेटेड ने महाकुम्भ के दौरान उन्नत किस्म की ऊर्जा सयंत्रों के जरिये अबाधित जल आपूर्ति करने के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम से अपनी साझेदारी की घोषणा की है। कौंसल ने यूपी जल निगम के पम्पिंग स्टेशन पर 60 केवी, कौंसुल वोल्टेज स्टेबलाइजर स्थापित किये हैं, जिससे कि महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अबाधित जलापूर्ति की जा रही है। मेले में पम्पिंग स्टेशनों पर स्थापित 46 कौंसुल सर्वो स्टेबलाइजरों के जरिये 24ग7 पूरे कुम्भ नगर में 550 किलोमीटर लम्बी पाइपलाइन द्वारा 20,000 कनेक्शन पर जलापूर्ति की जा रही है।